Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 6:22 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 5:55 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 91 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 25 सितम्बर 2024

600 करोड़ के क्लब से...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### कार खाई में गिरने से एक व्यक्ति की मौत

**ऋषिकेश।** ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे के पास धौलाधार में कार खाई में गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। कार सौ मी. गहरी खाई में गिरी थी। ऋषिकेश बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर धौलाधार के पास देर रात्रि कार खाई में गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। थाना प्रभारी महिपाल सिंह रावत ने बताया कि बछेलीखाल ग्रमीणों द्वारा सूचना मिली कि धौलाधार के पास कोई वाहन गिरा है। सूचना पर पुलिस फोर्स के साथ तहसीलदार एसएस रावत मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि वाहन सड़क से सौ मीटर नीचे खाई में गिरा था। अंधेरा और बड़ी झाड़ियों होने से पता नही लग पा रहा है कि वाहन में कितने लोग थे। मौके पर एक व्यक्ति मृत मिला है। उसके पास से जो आधारकार्ड मिला है उस पर सूरज मदान पुत्र चरणजीत सिंह मदान निवासी चंडीगढ़ दर्ज है।

### तेज रफ्तार बाइक सवार की टक्कर से झील में गिरा शिक्षक


**नैनीताल।** बुलंदशहर स्थित एक इंटर कॉलेज के बच्चों का टूर बुधवार को भीमताल घूमने के लिए आया था। बच्चे और शिक्षक भीमताल डैम में झील को लेकर जानकारी ले रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार बाइक सवार युवक ने शिक्षक को टक्कर मार दी और शिक्षक भीमताल झील में गिर गया। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर स्थित एक इंटर कॉलेज के बच्चों का टूर बुधवार को भीमताल घूमने के लिए आया था। बुधवार की सुबह 11 बजे स्कूली बच्चे और शिक्षक भीमताल डैम में झील को लेकर जानकारी ले रहे थे, तभी अचानक एक तेज रफ्तार बाइक सवार युवक ने शिक्षक सुनील कुमार शर्मा को टक्कर मार दी। बाइक की टक्कर से सुंतलन बिगड़ते ही शिक्षक भीमताल झील में गिर गया। शिक्षक के भीमताल झील में गिरते ही अन्य शिक्षकों ने हल्ला मचाकर बाइक सवार युवक को पकड़ लिया। वहीं झील में डूबते शिक्षक को देख नाव संचालक रफीक उल्ला और सलीम उल्ला ने झील में उतरकर शिक्षक को सुरक्षित बाहर निकाला।

## गर्मी से राहत: आज पहाड़ से मैदान तक बदलेगा मौसम, बारिश के आसार

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

आज पर्वतीय जिलों के कुछ इलाकों में हल्की बारिश होने के आसार हैं। हालांकि, मैदानी इलाकों में मौसम शुष्क रहने से गर्मी परेशान कर सकती है।

प्रदेशभर में बीते कुछ दिनों से गर्मी अपने तेवर दिखा रही है। सामान्य तापमान में पांच-छह डिग्री की बढ़ोतरी से मैदान से लेकर पहाड़ तक गर्मी खूब परेशान कर रही है। बुधवार को प्रदेश के पर्वतीय जिलों के साथ मैदानों के कुछ हिस्सों में मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। इससे



तापमान में कमी आने से राहत का अनुमान है। राजधानी दून की बात करें तो मंगलवार को भी यहां का अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री अधिक 35.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। ऐसा ही हाल पंतनगर, मुक्तेश्वर और नई टिहरी का रहा। मैदान से लेकर पहाड़ तक अधिकतम तापमान से लेकर न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होने से दिन के साथ रात को भी गर्मी का एहसास हुआ। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार पर्वतीय जिलों के कुछ इलाकों में हल्की बारिश होने के आसार हैं। हालांकि, मैदानी इलाकों में मौसम शुष्क रहने से गर्मी परेशान कर सकती है।

### यूपी में खुशनुमा रहेगा सितंबर का आखिरी सप्ताह

प्रदेश में लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। पूर्वी यूपी में झमाझम बारिश का दौर शुरू हो चुका है और अब इसके पूरे प्रदेश में फैलने की भविष्यवाणी मौसम वैज्ञानिक कर रहे हैं। इस बार मानसून की विदाई देर से होगी... मौसम वैज्ञानिकों का ये पूर्वानुमान सही साबित हो रहा है। मंगलवार को प्रदेश के गोरखपुर, महराजगंज, कुशीनगर और आजमगढ़ में झमाझम बारिश देखने को मिली। बारिश की वजह से पिछले कुछ दिनों से सता रही उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिली है। पिछले कई दिनों से धूप की तल्खी के बीच धान की खेती करने वाले किसान, बारिश की उम्मीद में आसमान की तरफ देख रहे थे, आज उनके चेहरे खिल गए।

सुप्रीम कोर्ट- भारत के किसी भी हिस्से को पाकिस्तान...

## हाईकोर्ट के जज को नसीहत दे सुप्रीम कोर्ट ने कार्यवाही की बंद

**नई दिल्ली**
एजेंसी

शीर्ष अदालत ने 20 सितंबर को कर्नाटक हाईकोर्ट के जज द्वारा अदालती कार्यवाही के दौरान एक महिला वकील के खिलाफ कथित तौर पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों पर स्वतः संज्ञान लिया था।

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कर्नाटक हाईकोर्ट के एक जज को फटकार लगाकर उनकी कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों को लेकर शुरू की गई कार्यवाही को बंद कर दिया। दरअसल, हाईकोर्ट के जज वेदव्यसचार श्रीशनंदा ने एक मामले पर सुनवाई करते हुए बंगलूरू के समुदाय विशेष बहुल इलाके को %पाकिस्तान% बता दिया था। साथ ही सुनवाई के दौरान जज ने महिला वकील पर भी आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि हम भारत के किसी भी हिस्से को पाकिस्तान की तरह नहीं बता सकते।



साथ ही अदालतों को सतर्क रहना चाहिए कि न्यायिक प्रक्रियाओं के दौरान ऐसी टिप्पणियां न की जाए, जिन्हें स्त्रीद्वेषी या समाज के किसी भी वर्ग के प्रति पूर्वाग्रह से ग्रस्त माना जाए।

पीठ ने आगे कहा कि कार्यवाही के दौरान आकस्मिक टिप्पणियां व्यक्तिगत पूर्वाग्रह को प्रदर्शित कर सकती हैं, खासकर जब उन्हें लैंगिकता या समुदाय के खिलाफ माना जाए। हम किसी विशेष जेंडर या समुदाय पर टिप्पणियों के बारे में अपनी गंभीर चिंता व्यक्त करते हैं। ऐसी टिप्पणियों को नकारात्मक रूप में समझा जा सकता है। हमें उम्मीद है और भरोसा है कि सभी हितधारकों को सौंपी गई जिम्मेदारियां बिना किसी पूर्वाग्रह और सावधानी के निभाई जाएंगी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि हाईकोर्ट के जज ने टिप्पणी के लिए खेद व्यक्त किया है। उन्होंने अब माफी मांग ली है। इसलिए इसे बढ़ा-चढ़ाकर नहीं कहा जा सकता है। कभी-कभी हम कुछ कह देते हैं। हम सभी अब जनता की नजर में हैं। इसलिए मामले को समाप्त कर दिया जाना चाहिए।

## विद्युत संविदा कर्मियों ने की 30 से देहरादून में होने वाले आंदोलन की रूपरेखा तय

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड विद्युत संविदा कर्मचारी संगठन ने 30 सितंबर व एक अक्टूबर को देहरादून के ऊर्जा भवन में प्रस्तावित आंदोलन की रूपरेखा तय की। इस दौरान संविदा कर्मियों ने आंदोलन में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने का आह्वान किया गया। संगठन का 14वां स्थापना दिवस रामपुर रोड स्थित बैंकट हाल में मनाया गया। इसमें कुमाऊं भर के संगठन पदाधिकारियों व सदस्यों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर इंटक यूथ अध्यक्ष लवी चिलवाल व विनय भूषण अग्रवाल मौजूद रहे। इस दौरान संगठन के प्रदेश महामंत्री मनोज पंत ने संगठन के एकता मंच के तत्वावधान में 30 सितंबर से ऊर्जा भवन, देहरादून व जल विद्युत निगम, देहरादून में होने वाले आंदोलन की रूपरेखा एवं कार्ययोजना के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि औद्योगिक न्यायाधिकरण, हल्द्वानी के 12 सितंबर 2017 को पारित आदेश को लागू करते हुये ऊर्जा के संविदा कर्मचारियों को नियमित किया जाए या विनियमितिकरण नियमावली 2024 के अंतर्गत ऊर्जा संविदा कर्मचारियों को राहत दी जाए। केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य कैलाश उपाध्याय एवं संगठन के पूर्व उपाध्यक्ष प्रेम भट्ट ने संविदा कर्मियों के हित में पूर्व में किये गये कार्यक्रमों व क्रियाकलापों से अवगत कराया। खंडीय अध्यक्ष हल्द्वानी रवि बिष्ट ने विद्युत संविदा कर्मियों से देहरादून में प्रस्तावित आंदोलन में बढ़-चढ़कर भागीदारी करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन रोहित मिश्रा व विकास ने किया। इस मौके पर दीपा भंडारी, मधु रावत, किरन बोरा, सरिता बिष्ट, मनीष पांडेय, कैलाश उपाध्याय, नवीन चुफाल, भूपाल कार्की, कमलेश मेहरा, त्रिभुवन कांडपाल, रवीश भट्ट, दीप कापड़ी, देवेंद्र जोशी, भास्कर पांडेय, घनश्याम बिष्ट, रमेश डंगवाल, नीरज पंत, अनिल जोशी, गोविंद जोशी, दीपक प्रकाश, दिनेश, उमेश जोशी, सचिन आर्या, धीरज भाकुनी, अरविंद भट्ट, यतेंद्र भट्ट, हरीश पांडेय, चेतन जोशी, दिनेश, नरेंद्र बोरा, मनोज टम्टा, मोहन चौबे, घनश्याम चुफाल, राजेन्द्र काण्डपाल, नरेंद्र बिष्ट, श्याम बोरा, हरीश बिष्ट, विशाल कुमार समेत नैनीताल, पिथौरागढ़, रामनगर, खटीमा, टनकपुर, किच्छा खंड के पदाधिकारी मौजूद थे।

## साबरकांठा में कार-ट्रेलर ट्रक के बीच टक्कर, सात लोगों की मौत, एक की हालत गंभीर

**अहमदाबाद**
एजेंसी

शामलाजी से अहमदाबाद की ओर आ रही कार ट्रेलर के पीछे से टकरा गई, जिसके बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की जानकारी पाकर पुलिस मौके पर पहुंची।

गुजरात के साबरकांठा में हिम्मतनगर के पास कार और ट्रेलर ट्रक की टक्कर में सात लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। इस हादसे में एक व्यक्ति की हालत गंभीर बताई जा रही है। शामलाजी से अहमदाबाद की ओर आ रही कार ट्रेलर के पीछे से टकरा गई, जिसके बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की जानकारी पाकर पुलिस



मौके पर पहुंची। पुलिस ने बताया कि कार शामलाजी की ओर से तेज रफ्तार से आ रही थी। हालांकि, अभी तक मृतकों के नाम उजागर नहीं किये गये हैं, लेकिन ऐसे अनुमान लगाया जा रहा है कि जान गंवाने वालों में अधिकांश अहमदाबाद के हैं। घायल व्यक्ति को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज जारी है।

## दुष्कर्म का आरोपी दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा यूपी से गिरफ्तार

**हल्द्वानी**
उत्तरांचल दीप डेस्क

दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट में नामजद दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट में नामजद दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी मुकेश बोरा को यूपी से गिरफ्तार किया है।

दुष्कर्म के आरोपी मुकेश बोरा को पकड़ने के लिए पुलिस यूपी, दिल्ली, राजस्थान और पंजाब में डेरा डाले हुए थे। पुलिस को शक है कि दुग्ध संघ में दूध देने वाले बाहरी ठेकेदार बोरा की मदद कर रहे थे। इस कारण पुलिस राज्यों में पहुंची है।

दुष्कर्म और पॉक्सो के आरोपी मुकेश बोरा को पकड़ने के लिए पुलिस यूपी, दिल्ली, राजस्थान और पंजाब में डेरा डाले हुए है। पुलिस को शक है कि दुग्ध संघ में दूध देने वाले



बाहरी ठेकेदार बोरा की मदद कर रहे हैं। इस कारण पुलिस राज्यों में पहुंची है, जिसको लेकर नामजद दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

मुकेश बोरा के खिलाफ दुष्कर्म व पॉक्सो का मुकदमा दर्ज हुए 23 दिन बीत चुके हैं। दून में मौजूद पुलिस महकमे के उच्चाधिकारी भी मामले की निगरानी कर रहे थें। बोरा की गिरफ्तारी नहीं होने पर पुलिस पर भारी दबाव था। पुलिस इस कारण जांच का दायरा बढ़ाया था। 19 सितंबर को बोरा भोजीपुरा में देखा गया था। मुकेश बोरा इतना शातिर है कि पुलिस के पहुंचने से पहले ही वह वहां से निकल गया। पुलिस अब उन स्थानों पर दबिश दे रही हैं जहां से दुग्ध संघ में कच्चा दूध आता है। सूत्र के अनुसार पुलिस बदायूं, बरेली, दिल्ली, पंजाब आदि जगह भी डेरा डाले हुए थे। बोरा की तलाश में टीमों को दिल्ली, बदायूं और पंजाब के अलावा अन्य स्थानों पर भेजा गया था।

पुलिस की जांच में सामने आया है कि मुकेश बोरा के पास के पास लाइसेंसी शस्त्र हैं। इस पर पुलिस ने शस्त्र लाइसेंस निरस्त कराने की प्रक्रिया शुरू की थी। एसएसपी ने बताया कि शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण के लिए रिपोर्ट डीएम को भेजी गई है। एसओजी की टीम ने एक नेता और प्रापर्टी डीलर को पूछताछ के लिए उठाया है। बताया जा रहा है यह नेता और प्रापर्टी डीलर भीमताल के रहने वाले हैं। सूत्र बताते हैं कि कांग्रेसी नेता देवेंद्र चनौतिया, सुरेंद्र सिंह परिहार से पुलिस पूछताछ कर रही है। दोनों के मोबाइल भी पुलिस ने कब्जे में लिए हैं। साथ ही इनके खास लोगों के नंबरों की भी पुलिस सीडीआर निकाल रही है। सूत्र बताते हैं कि चालक ने ही परिवहन कर अधिकारी, निवर्तमान चेयरमैन देवेंद्र चनौतिया, सुरेंद्र सिंह परिहार और ब्लॉक प्रमुख आशा रानी के बारे में बताया था।

# रम्पुरा में लोगों ने पार्टी की सदस्यता दिलाई

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

भाजपा का सदस्यता अभियान लगातार जारी है। भाजपा नेता वार्ड दर वार्ड सदस्यता अभियान चला रहे हैं और लोगों को पार्टी से जोड़ रहे हैं।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर सर्वप्रथम भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ और वार्ड वासियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके बाद चुघ ने वार्ड नंबर 22 रमपुरा के एकराम आर्य पार्क में सदस्यता अभियान चलाया। सदस्यता अभियान के तहत लगभग 103 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। चुघ ने लोगों को भाजपा की रीति नीति से अवगत कराते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। भाजपा नेता चुघ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा पूरी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है। भाजपा के देशभर में करोड़ों सदस्य हैं जिसका सीधा कारण है कि देश की



जनता भाजपा पर अटूट विश्वास करती है और केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारों की विकासकारी योजनाओं का लाभ ले रही है।उन्होंने कहा कि राज्य की धामी सरकार युवाओं के लिए कई योजनाएं ला रही है और कई योजनाओं को धरातल पर उतारा गया है जिसका लाभ युवाओं को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा समाज की सभी वर्गों का सम्मान करती है और सब समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलती है। भाजपा की रीति- नीति से प्रभावित होकर तमाम लोग भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। इस दौरान दर्जनों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने पर भाजपा नेता चुघ ने सभी का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान राज कोली, सुदामा कोली, चंद्रपाल कोली, लालता प्रसाद, सुरेंद्र कोली ,धर्मवीर कोली ,रवि, नीरज ,राहुल ,रोहित ,गणपत, बीरू, चंद्रावती, अंजलि ,राखी ,खुशबू, पिंकी,नेहा ,रौनक ,कविता ,गीता, कविता, पूजा कमला आदि मौजूद थे।

# एम.ए. वूमैन स्टडी कोर्स में प्रवेश लिए विशेष कार्यशाला का आयोजन

**नैनीताल।** महिला अध्ययन केन्द्र कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल द्वारा एम.ए. वूमैन स्टडी कोर्स को इस वर्ष सत्र 2024-2025 में प्रारम्भ कर दिया गया है जिसकी कक्षाएं 18 सिंतबर से प्रारम्भ हो गई हैं। इस कोर्स में प्रवेश लिए गये सभी विद्यार्थियों हेतु विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें कोर्स के प्रारूप पर चर्चा हुई साथ ही विभिन्न विषयों जैसे महिला सशक्तिकरण,महिलाओं के अधिकार, आर्थिक स्वावलंबन, स्वरोजगार, लिंग, न्याय, महिला हिंसा के प्रति जागरूकता तथा अन्य समकालीन मुद्दों पर चर्चा हुई।

कार्यशाला में विभिन्न नारीवादी चिंतकों के विचारों पर मनन तथा उन विचारों का वर्तमान परिपेक्ष्य में प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में प्रो0 नीता बोरा शर्मा (निदेशक, महिला अध्ययन केन्द्र, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल ) समेत डॉ. किरन तिवारी,डॉ. हरदेश शर्मा, सत्येन्द्र तिवारी,अविनाश जाटव, खुशबु आर्या,राकेश कुमार आदि उपस्थित रहे। कार्यशाला में विद्यार्थियों की उत्साहपूर्वक भागीदारी रही और विद्यार्थियों ने अपने-अपने विचार रखे। विद्यार्थियों ने इस कोर्स पर प्रवेश लेने पर अत्यंत उत्साह के साथ अपने विचारों को प्रस्तुत किया तथा निकट भविष्य में केंद्र के द्वारा महिला कानून की व्यापक जानकारी विद्यार्थियों के साथ-साथ स्कूल और विश्वविद्यालय की विद्यार्थियों और समाज की विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं को देने का निर्णय लिया गया है।

केंद्र का मुख्य उद्देश्य यही होगा कि पाठ्यक्रम के साथ-साथ सभी विद्यार्थियों को आर्थिक स्वालंबन के संदर्भ में किस प्रकार से कार्य करना चाहिए इसके लिए एक सशक्त पृष्ठभूमि प्रदान की जाएगी ताकि वह दो वर्ष के इस पाठ्यक्रम के पश्चात स्वयं अपनी स्वरोजगार से या अपनी नेतृत्व की क्षमता से नये आयाम प्राप्त करेंगे।



# डोला भ्रमण के दौरान क्षतिग्रस्त रेलिंग से लोगों के गिरने से विभाग चौकन्ना

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर की शान समझी जाने वाली लोअर मॉल रोड में डोला भ्रमण के दौरान क्षतिग्रस्त रेलिंग के चलते लोगों के गिरने पर सिंचाई विभाग भी चौकन्ना हो गया है। विभाग ने टूटी हुई रेलिंगों की मरम्मत शुरू कर दी है।

बीते दिनों नंदा देवी महोत्सव में डोला भ्रमण के दौरान टूटी रेलिंग के कारण झील में जा गिरे थे। बता दें कि लोअर मॉल रोड में बीते लंबे समय से कई स्थानों पर पुरानी रेलिंग टूटी पड़ी हैं। कई स्थानों पर टूटी हुई रेलिंगों को तार से बांधकर रोका गया है। क्षतिग्रस्त रेलिंगों के चलते नंदा देवी महोत्सव में डोला भ्रमण कार्यक्रम के दौरान लोअर माल रोड से कई लोग झील में गिर गए थे लेकिन उसके बाद भी विभाग की ओर से रेलिंग को रस्सी से बांधकर फि र खड़ा कर दिया था। स्थानीय लोगों ने टूटी हुई रेलिंग की मरम्मत या नई व मजबूत रेलिंग लगाने की मांग की तो विभाग ने तुरंत संज्ञान लिया। विभाग की ओर से सडक़ किनारे टूटी हुई रेलिगों की मरम्मत शुरू कर दी है। सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता डीडी सती ने बताया कि लोगों की सुरक्षा की दृष्टि से गिरी हुई लोहे की रेलिंग को रस्सी से बांधकर खड़ा किया गया था। अब टूटी हुई रेलिगों की मरम्मत शुरू कर दी गई है। ताकि लोगों के झील में गिरने का खतरा ना रहे।

# गुनियालेख में छात्र-छात्राओं को वायु सेना अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया की जानकारी दी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

भारतीय वायुसेना में अग्निवीर भर्ती की जानकारी देने हेतु वायु सेना चयन केन्द्र रेस कोर्स नई दिल्ली की टीम ने मंगलवार को सार्जेंट संजय कुण्डू के नेतृत्व में जिले के राजकीय इटंर कालेज चाफी, राजकीय इटंर कालेज पदमपुरी, राजकीय इटंर कालेज गुनियालेख में जाकर छात्र-छात्राओं को अग्निवीर भर्ती की पूरी प्रक्रिया शैक्षणिक योग्यता, शारीरिक मापदंड और अग्निवीर के रूप में लाभ प्राप्त आदि प्रक्रियाओं की विधिवत रूप से जानकारी दी। इस दौरान चार साल बाद किस तरह अग्निवीरों के लिए घोषित आरक्षण का लाभ मिलेगा उनका भी वायुसेना टीम के द्वारा अवलोकन किया गया। बताया कि 26सितम्बर को दोगड़ा, ज्योलीकोट तथा पटुवाडांगर राजकीय इंटर कालेजों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस दौरान सार्जेंट दीपक केशरी तथा प्रशासनिक सहायक दुष्यंत आदि मौजूद रहे।



## NEWS / फटाफट

### माही व निहारिका जिला स्तरीय वॉलीबॉल विजेता रही





**नैनीताल।** एयूएलपी जीआईजीआई भीमताल की माही सूर्या तथा निहारिका आर्या ने जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता जो बेतालघाट में आयोजित हुई थी में ब्लॉक भीमताल से अंडर- 17 बालिका वर्ग विजेता रही। दोनों विजेता खिलाड़ी अब स्टेट वॉलीबॉल जो चमोली में 30 सिंतबर (सोमवार) से अयोजित होगी उसमें नैनीताल जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। विद्यालय के प्रिंसिपल, खंड शिक्षा अधिकारी समेत ब्लॉक समन्वय अजय कुमार समेत सभी गुरुजनों ने दोनों खिलाडिय़ों के चयन पर खुशी जताई व अच्छे प्रदर्शन की शुभकमनाये दी।

### नियमितीकरण की मांग को लेकर पौधारोपण

**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर मंगलवार को 83वें दिन भी नियमितीकरण की मांग को लेकर पौधारोपण व स्वच्छता कार्यक्रम जारी रहा। महासंघ के अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने कहा की निगम कर्मचारियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण के तहत नियमितीकरण की मांग को लेकर आज निगम कर्मचारियों ने बृहद स्तर पर पौधारोपण किया। इसी क्रम में उनके नेतृत्व में पिथौरागढ़ स्थित धूसाखान शिव मंदिर परिसर में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया। पौधा रोपण करने वालों में गोपाल बिष्ट, दीपक रावल, नरेंद्र थापा, नरेंद्र सिंह, हर सिंह तथा शेर सिंह सहित निगम कर्मी उपस्थित रहे ।

### पर्यटक को महिला के घर में घुसना पड़ा महंगा

**नैनीताल।** मल्लीताल क्षेत्र में एक पर्यटक को एक महिला के घर में घुसना महंगा पड़ गया। लोगों की शिकायत पर पुलिस ने पर्यटक के खिलाफ चालानी कार्रवाई कर उसको छोड़ दिया। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यूपी गोरखपुर निवासी देवेंद्र कुमार घूमने के लिए नैनीताल आया हुआ था। पर्यटक देवेंद्र ने मल्लीताल मस्जिद के पीछे अपनी कार पार्क कर दी, जब वह बाद में कार वापस ले जाने पहुंचा तो उसकी चाबी गुम हो गई। शराब के नशे में होने के कारण वह चाबी ढूंढते हुए एक महिला के घर में घुस गया। जब महिला ने अन्य लोगों से शिकायत की तो लोग उसको कोतवाली ले आए। जहां उसने अपनी गलती मानते हुए माफ ी मांगी। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह ने बताया कि गोरखपुर निवासी देवेंद्र कुमार के खिलाफ चालानी कार्रवाई कर सख्त हिदायत देकर छोड़ दिया गया है।

### वाहन चालकों के गाली-गलौच, जान से मारने की धमकी का आरोप

**नैनीताल ।** नैनीताल- पंगूट मोटर मार्ग में वाहन चला रहे वाहन चालक ने दूसरे वाहन चालक पर गाली-गलौच करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। वाहन चालक की ओर से शिकायत कर मामले में कार्रवाई की मांग की गई है। अल्मोड़ा सेलाकोट निवासी सुंदर ने कोतवाली में तहरीर देते हुए कहा है कि वह बीते कई वर्षों से पंगोट में किराए कर कमरे में रहकर नैनीताल पंगोट टैक्सी वाहन चलाता है। बीते कुछ दिनों से पंगोट क्षेत्र का एक व्यक्ति जो वाहन चलता है वह आए दिन उससे अभद्रता कर रहा है। उक्त व्यक्ति गाली गलौच के साथ उसको जान से मारने की धमकी भी देता है। उक्त व्यक्ति से जान-माल का खतरा बताते हुए उसने कार्रवाई की मांग की है। एसआई प्रियंका मौर्य ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामले में जांच की जा रही है।

### नैनीताल का मौसम सुहावना


**नैनीताल।** पिछले सप्ताह रही तीन दिन वर्ष के बाद नैनीताल का मौसम सुहावना हो गया था। मंगलवार से दोपहर बाद मौसम ने करवट बदल ली है। जिसके चलते कल दोपहर बाद हल्दी बारिश हुई और मौसम में परिवर्तन होने लगा जिससे ठंड बढ़ने लगी। वही बुधवार को सुबह से मौसम ने करवट बदल ली है सुबह से धना कोहरा लगा रहा जिसके बाद तेज बारिश रही।बारिश के चलते तापमान में गिरावट रही। मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार येलो अलर्ट किया है । जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार नगर का तापमान में गिरवाट आई है, जो जिस कारण हवा व ठंड का हल्का एहसाह होने लगा है। समाचार लिखें जाने तक बारिश रही।

# कुमाऊं विवि का इंट्रोडक्शन इंटू द रिसर्च ऑफ एंड्रियास बेक्टहोल्ड इन फ्रीबर्ग का व्याखयान

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विश्वविधालय के विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय द्वारा मंगलवार को जर्मनी यूनिवर्सिटी ऑफ फ्रीबर्ग के प्रो. एंड्रियास बेक्टहोल्ड का व्याख्यान ऑनलाइन माध्यम से किया।



कुमाऊं विश्वविद्यालय के विजिटिंग प्रोफेसर डॉक्टर एंड्रियास ने इंट्रोडक्शन इंटू द रिसर्च ऑफ एंड्रियास बेक्टहोल्ड इन फ्रीबर्ग विषय पर व्याख्यान दिया । डॉक्टर एंड्रियास ने कहा कि ड्रग रेजिस्टेंस ग्लोबल प्रोब्लम है। उन्होंने कहा की शोध से बेहतर एंटीबायोटिक्स बनाए जा सकते हैं। डॉक्टर एंड्रियास ने कहा कि हिमालय जैव विविधता में एंटीबायोटिक्स तथा एंटीफ ंगल तथा एंटीवायरल गुण है जिन्हें जेनेटिक इंजीनियरिंग से विकसित किया जा सकता है जो पोटेंट ड्रग मॉलिक्यूल बनाने में कारगर होगा। डॉक्टर एंड्रियास ने क्लोनिंग एवम क्लस्टरिंग सहित लैंडोम्यूसिन तथा वर्डिमिसिन पर भी प्रकाश डाला। डॉक्टर एंड्रियास ने कहा कि लैब में एक जीनोम बनने में 3 से 4 साल तक लग जाते हैं । डॉक्टर एंड्रियास ने एक्ट ईनो माइसेट्स से प्राकृतिक उत्पाद बनाने तथा बायो सिंथेसिस को इंसेक्ट से बनाने का सुझाव भी दिया । डॉक्टर एंड्रियास ने ओलिकोमाय सीन तथा रेगुलेशन ऑफ सहित नेचुरल प्रोडक्ट एवम नॉवेल कंपाउंड बनाने में जीन सीक्वेन सींग पर चर्चा की । व्याख्यान में विद्यार्थियों ने कई प्रश्न भी पूछे । कार्यक्रम का संचालन करते हुए निदेशक प्रो. ललित तिवारी ने सभी का स्वागत तथा डॉक्टर एंड्रियास का परिचय प्रस्तुत किया। व्याख्यान के अंत में कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत, डॉक्टर एंड्रियास हेड जूलॉजी,हेड बायोटेक पंकज पाठक, दीक्षा बोरा सहित सभी को धन्यवाद किया गया । व्याख्यान में प्रो. हरीश बिष्ट,प्रो. तपन नैलवाल,प्रो वीना पांडे,प्रो अर्चना साह,प्रो गीता तिवारी,डॉक्टर रिशेंद्र कुमार ,डॉक्टर संतोष उपाध्याय,डॉक्टर पैनी जोशी तथा पूजा गुप्ता तथा जूनैब सहित 72 बायोटेक तथा जूलॉजी के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादकः**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्सः05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## गिरेबां में झांकें

*अमेरिका की नीतियों पर निशाना साधा और कहा कि भारत-अमेरिका तथा पश्चिमी देश बेरोजगारी की समस्या से जूझ रहे हैं। चीन की तारीफ करते हुए कहा कि वैश्विक उत्पादों में चीन का प्रभुत्व है, इसलिए वह बेरोजगारी का सामना नहीं कर रहा है। राहुल गांधी को अपने गिरबां में झांक कर देखना चाहिए कि उनमें इतना भी कौशल नहीं है कि अमेरिकी छात्रों के सामने अमेरिका की बुराई कर रहे हैं, जैसे वह चीन के एजेंट हों। भारत और अमेरिका का चीन कट्टर विरोधी है। राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष हैं। सदन के अंदर और देश के अन्य क्षेत्रों में भारत की सरकार की नीतियों की आलोचना करने का उन्हें पूरा अधिकार है। विदेश में वह नेता प्रतिपक्ष नहीं, बल्कि भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं।*

कांग्रेस के नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अमेरिका के टेक्सास विश्वविद्यालय में छात्रों के साथ बातचीत में भारत की सरकार के साथ ही अमेरिका समेत पश्चिमी देशों की नीतियों की आलोचना की। यह पहला मौका नहीं है जब राहुल गांधी ने विदेश में जाकर भारत की बदनामी की है, पहले भी विदेश में अमर्यादित बयान दिये हैं। राहुल गांधी ने कहा कि भारत में कौशल वाले लाखों लोगों को दरकिनार किया जा रहा है। अमेरिका की नीतियों पर निशाना साधा और कहा कि भारत-अमेरिका तथा पश्चिमी देश बेरोजगारी की समस्या से जूझ रहे हैं। चीन की तारीफ करते हुए कहा कि वैश्विक उत्पादों में चीन का प्रभुत्व है, इसलिए वह बेरोजगारी का सामना नहीं कर रहा है। राहुल गांधी को अपने गिरबां में झांक कर देखना चाहिए कि उनमें इतना भी कौशल नहीं है कि अमेरिका के छात्रों के सामने अमेरिका की बुराई कर रहे हैं, जैसे वह चीन के एजेंट हों। भारत और अमेरिका का चीन कट्टर विरोधी है। राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष हैं। सदन के अंदर और देश के अन्य क्षेत्रों में भारत सरकार की नीतियों की आलोचना करने का उन्हें पूरा अधिकार है। विदेश में वह नेता प्रतिपक्ष नहीं, बल्कि भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं। भारत के प्रतिनिधि के तौर पर राहुल गांधी को अमेरिका के छात्रों से बातचीत में उनकी प्रतिभा का आंकलन करके भारत आकर यहां के युवाओं को बतानी चाहिएं। एकलव्य की कहानी अमेरिका के छात्रों को सुनाने का कोई औचित्य नहीं है। भारत में आरक्षण के समर्थन में अनगिनत बार जातिवादी पार्टियों के नेता एकलव्य का उदाहरण देते रहे हैं। अमेरिका में राहुल गांधी आरक्षण के मुद्दे पर इस तरह बोल रहे थे, जैसे वह चुनाव सभा को सम्बोधित कर रहे हों। अमेरिका और पश्चिम के अन्य देशों में भारत के युवाओं ने अपनी प्रतिभा, मेधा तथा कौशल का लोहा मनवाया है। आईटी की विश्व स्तरीय कंपनियों के सीईओ भारतीय हैं। भारतीय मूल के ऋषि सुनक ब्रिटेन के प्रधानमंत्री रहे हैं। भारत में चाहे किसी भी पार्टी की सरकार रही हो, युवाओं की प्रतिभा का सम्मान किया गया है। वैज्ञानिकों ने परमाणु, अंतरिक्ष और तकनीकी क्षेत्र में भारत को विश्व की शक्ति बनाने में अथक योगदान दिया है। भारत के इंजीनियरों और डाक्टरों को अमेरिका में तरजीह दी जाती है। बराक ओबामा जब अमेरिका के राष्ट्रपति थे और भारत आये थे, तब स्वदेश लौटकर भारत के छात्रों की शिक्षा व शोध के प्रति समर्पण की भावना की प्रशंसा की थी और अमेरिका के छात्रों को प्रेरणा लेने की सीख दी थी। राहुल गांधी ने अमेरिकी छात्रों के सामने ही भारत की बुराई करके अपनी अदूरदर्शिता और संकीर्ण मानसिकता का परिचय दिया है। राहुल गांधी को इसके लिए भारत के छात्रों व युवाओं से माफी मांगनी चाहिए।

# एमएनए के आश्वासन पर समाप्त हुआ धरना

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

मुख्य बाजार क्षेत्र में स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क से अतिक्रमण हटाने एवं सौंदर्यीकरण सहित अन्य मांगों को लेकर चल रहा धरना मुख्य नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल के आश्वासन के बाद समाप्त हो गया।

एमएनए ने अंबेडकर पार्क के ठेली व्यवसायियों को दीपावली से पहले वेंडिंग जोन में शिफ्ट करने और पार्क का सौंदर्यीकरण कराने का आश्वासन दिया। बता दें कि कुछ माह पूर्व गांधी पार्क की दीवार से सटे ठेली व्यवसायियों को प्रशासन ने अंबेडकर पार्क में शिफ्ट कर दिया था। तब से ठेली व्यवसायी अंबेडकर पार्क में ही ठेली लगा रहे थे। जिसका विभिन्न विभिन्न अंबेडकरवादी संगठनों के लोग विरोध कर रहे थे। बार बार आश्वासन के बावजूद ठेली व्यवसायियों को अंबेडकर पार्क से नहीं हटाये जाने पर मंगलवार को विभिन्न संगठनों के लोगों ने अंबेडकर पार्क में धरना शुरू कर दिया। धरने पर बैठे लोग अंबेडकर पार्क में ठेलियों को हटाकर सौंदर्यीकरण करने, पार्क में



बाबा साहब डाक्टर अंबेडकर जी की प्रतिमा स्थापित करने, पार्क की सफाई नियमित रूप से करने, पार्क में हाईमास्ट लाईट लगाये जाने, क्षतिग्रस्त पार्क का पुनर्निर्माण एवं चारों ओर छायादार पेड़ लगाने की मांग कर रहे थे। धरना दे रहे लोगों से मंगलवार दोपहर सहायक नगर आयुक्त ने वार्ता की लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। इसके बाद मुख्य नगर आयुक्त ने धरना स्थल पर पहुंचकर वार्ता की और दीवाली से पहले ठेली व्यवसायियों को वेंडिंग जोन में शिफ्ट करने और पार्क का सौंदर्यीकरण कराने का आश्वासन दिया। आश्वासन के बाद धरना समाप्त हो गया। इस दौरान बसपा नगर अध्यक्ष राजकुमार, रंजीत सागर, सतपाल ठुकराल,जितेंद्र सागर, राजकुमार सागर, दीपक सागर, विजय पाल,मिंटू सागर, सुशील कुमार,चंदन सागर, सुरेश गौतम,मिलन सागर, रविन्द्र सागर आदि लोग मौजूद थे। इधर धरना स्थल पर व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, कोषाध्यक्ष संदीप राव भी पहुंचे।

**मांग**

● अतिक्रमण मुक्त और सौंदर्यीकरण की मांग को लेकर धरना दे रहे थे

## मोर्निंग कर रहे व्यक्ति के गले से बाईक सवार सोने की चेन झपट कर फरार

**रुद्रपुर।** बगवाड़ा रोड पर मोर्निंग कर रहे एक व्यक्ति के गले से बाईक सवार अज्ञात युवक सोने चैन झपट कर फरार हो गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। शम्भू कुमार पुत्र जगवीर सिंह चौधरी निवासी कौशल्या एन्कलेव फेस 4 बगवाडा ने पुलिस को बताया कि वह सुबह अपने घर कौशल्या एन्कलेव फेस 4 से रोजाना की तरह साथी के साथ मोर्निंग वाक पर निकला था। प्रबल सिटी आईकोन किडस स्कूल के सामने बगबाडा रोड पर पहुंचे तो पीछे से बाईक पर एक व्यक्ति आया और उसने उसकी गर्दन पर झपट्टा मारकर सोने की चैन छीन ली और भाग गया। पीड़ित के मुताबिक थोडी दूर तक भागकर पीछा किया, पर वह बगवाडा भट्टा किच्छा रोड की तरफ भाग गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस घटना स्थल के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रहे है। फिलहाल बाईक सवार उच्चके पुलिस के हाथ नहीं लगे।

## स्वच्छता ही सेवा की थीम पर मनाया गया एनएसएस स्थापना दिवस

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

इंदिरा प्रियदर्शिनी राजकीय स्नातकोत्तर महिला वाणिज्य महाविद्यालय हल्द्वानी में स्वच्छता ही सेवा की थीम पर एनएसएस स्थापना दिवस मनाया गया। स्थापना दिवस के उपलक्ष पर महाविद्यालय में एक दिवसीय नियमित शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर की शुरुआत लक्ष्य गीत गाकर की गई इसके पश्चात कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 गीता पंत द्वारा एनएसएस से संबंधित आवश्यक जानकारी स्वयंसेवियों के साथ साझा की गई। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 रितुराज पंत ने बताया कि इसके पश्चात स्वयंसेवियों ने अलग-अलग टोली बनाकर एनएसएस वाटिका सहित संपूर्ण महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया एवं श्रमदान किया ।

बौद्धिक सत्र में वाणिज्य विभाग के बीकॉम ऑनर्स प्रभारी डॉ0 फकीर सिंह द्वारा छात्राओं को फाइनेंशियल लिटरेसी सहित डिजिटल साक्षरता एवं साइबर क्राईम के बारे में विस्तार से




जानकारी दी, साथ ही इससे कैसे बचा जाए और सरकार द्वारा जारी किए गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों से अवगत करवाया।

इसके पश्चात महाविद्यालय में एनएसएस एनसीसी नमामि गंगे के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें स्वयं सेवियो एवं महाविद्यालय स्टाफ सहित अन्य लोगों ने रक्तदान किया । रक्तदान शिविर का आयोजन हल्द्वानी ऑनलाइन सहायता समूह के सहयोग से किया गया। इधर एनसीसी कैडेट्स द्वारा अंतर्राष्ट्रीय नदी दिवस के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता नमामि गंगे के नोडल अधिकारी डॉ0 रितुराज पंत ने जल संरक्षण से संबंधित टिप्स कैडेट्स के साथ साझा किये। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 गीता पंत द्वारा किया गया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षिका डॉ ज्योति चुफाल मंजू मेहरा चंद्रशेखर भट्ट सुनील खाती यशोधर नाथ आदि उपस्थित रहे।

# फिल्मी दुनिया

## 600 करोड़ के क्लब से कुछ कदम दूर स्त्री 2



*श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की स्त्री 2 कमाई के मामले में जबर्दस्त प्रदर्शन कर रही है। फिल्म अपने छठे हफ्ते में हैं। यह 2024 की अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है। रिलीज के इतने दिन बाद भी यह सिनेमाघरों में अपनी पकड़ बनाई हुई है। वहीं, अब फिल्म के 41वें दिन के आंकड़ें भी सामने आ चुके हैं। चलिए जानते हैं आज इस फिल्म ने कितनी कमाई की है। महज 60 करोड़ रुपये के बजट में बनी मैडॉक सुपरनैचुरल यूनिवर्स की इस फिल्म ने सफलता का परचम लहराते हुए इतिहास रच दिया है। यह हिंदी की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हॉरर-कॉमेडी फिल्म साबित हुई है। इतना ही नहीं यह एनिमल, पठान और गदर 2 जैसी फिल्मों को शिकस्त देने के बाद भारत की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बनने की राह पर निकल गई है। फिल्म अब 600 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल होने के लिए संघर्ष कर रही है। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर रिलीज हुई इस फिल्म ने ओपनिंग डे पर ही बंपर ओपनिंग ली थी। इस फिल्म ने प्री पेड प्रीव्यू में 8.5 करोड़ रुपये और पहले दिन 51.8 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। इसके साथ फिल्म ने पहले हफ्ते में 291.65 करोड़ रुपये की कमाई की थी। स्त्री 2 ने दूसरे हफ्ते में भी अपने शानदार प्रदर्शन को बरकरार रखा। इसने रिलीज के दूसरे हफ्ते में 141.4 करोड़ रुपये की कमाई की। इस फिल्म ने तीसरे हफ्ते में 70.2 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया।*

### रविवार की छुट्टी का फायदा रहा

*चौथे हफ्ते इसकी कमाई 36.1 करोड़ रुपये रही। पांचवें हफ्ते इसने 24.65 करोड़ रुपये का कारोबार किया। 37वें दिन पांच करोड़ रुपये का कारोबार किया। 38वें दिन इसने 3.65 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। फिल्म ने रविवार की छुट्टी का फायदा उठाते हुए 39वें दिन उछाल के साथ पांच करोड़ रुपये का कारोबार किया था। 40वें दिन फिल्म ने गिरावट के साथ 1.35 करोड़ रुपये की कमाई की थी।*

## किच्छा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती धूमधाम से मनाई

किच्छा

हमारे संवाददाता

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर दीनदयाल उपाध्याय चौक पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कार्यकर्ताओं के साथ उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

उन्होंने आयोजित कार्यक्रम में भी उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित किया। इस मौके पर पूर्व विधायक शुक्ला ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन और विचारधारा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पंडित का जन्म 25 सितंबर 1916 को उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में हुआ था। वे केवल एक राजनेता ही नहीं, बल्कि एक दूरदर्शी विचारक और समाजसेवी भी थे।क्ष जिन्होंने अपने जीवन को समाज के निचले तबके के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। पूर्व विधायक शुक्ला ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा, 卐1960 और 1970 के दशक में पंडित जी ने अपनी विचारधारा के माध्यम से आर्थिक सुधार और गरीबों के सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया। अंतिम व्यक्ति को भी विकास की मुख्यधारा में शामिल किया जाए। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों और सिद्धांतों को आज भी समाज के लिए प्रासंगिक बताया और कहा कि हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारकर समाज की सेवा के लिए तत्पर रहना चाहिए।

कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता धर्मराज जायसवाल, मंडल महामंत्री मुकेश कोली, मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा आरती दुबे, अनुसूचित मोर्चा राजेश कोली, अल्पसंख्यक मोर्चा हारून मलिक, जिला महामंत्री अनुसूचित मोर्चा नितिन वाल्मीकि, सभासद राजकुमार कोली, देवेंद्र बिष्ट, चंदन जायसवाल,श्याम सुंदर शर्मा, धनीराम, मधु गुप्ता, दया डसीला, कविता मान, संगीता शर्मा, सुनीता गंगवार, सचिन वाल्मीक आदि मौजूद थे।

News कॉर्नर

## व्यापार मंडल की संयुक्त बैठक से किया किनारा

**हल्द्वानी।** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल ने व्यापार मंडल की संयुक्त बैठक से किनारा कर लिया है। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने कहा कि जन व व्यापारी हितों के लिए संघर्ष जारी रहेगा। व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष अजय कृष्ण गोयल व महामंत्री नेत्र बल्लभ जोशी ने संयुक्त रूप से प्रेस को बयान जारी कर कहा कि देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल का गठन 1994 में राज्य आंदोलन के दौरान किया गया था। राज्य का एक मात्र व्यापार मंडल है जो राज्य के व्यापारियों व उपभोक्ताओं के हितों के लिए कार्य करता रहा है। राज्य के भीतर आज व्यापार मंडलों की बाढ़ सी आ गई है। देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल अपने सिद्धांतों में चलता रहेगा। देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल शहर के विकास के साथ ही व्यापारियों व उपभोक्ता हितों के लिए काम करता रहेगा। बताया गया कि शहर की सड़कों के चौड़ीकरण, अतिक्रमण जैसे मुद्दों को लेकर व्यापार मंडल की ओर से संयुक्त बैठक बुलाई गई है, इसी बैठक से सहमत न होते हुए देवभूमि व्यापार मंडल ने किनारा किया है।

## स्याल्दे आईटीआई में युवाओं के भविष्य से हो रहा खिलवाड़

**अल्मोड़ा।** प्रदेश सरकार पर्वतीय जिलों में तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के तमाम दावे क्यों ना करें। लेकिन वास्तविकता यह है कि यहां के तकनीकी संस्थान लगातार सरकारी तंत्र की उपेक्षा का शिकार हो रहे हैं। इसकी बानगी अल्मोड़ा जिले के स्याल्दे विकास खंड स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की है। जो शुरू तो पांच ट्रेडों के साथ हुआ लेकिन वर्तमान में यहां महज एक ट्रेड संचालित हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को तकनीकी शिक्षा देकर स्वरोजगार से जोड़ा जा सके।

# इस बार हवाई मार्ग से होंगे भोले बाबा के दर्शन

उत्तरांचल दीप

अफजल हुसैन फौजी

**नैनीताल ।** भोले के भक्त हवाई मार्ग से आदि कैलाश की यात्रा करेंगे। अक्टूबर से आदि कैलाश हवाई यात्रा शुरू होने जा रही है। कुमाऊं मण्डल विकास निगम ने एडवांस बुकिंग शुरू कर दी है। प्रबंध निदेशक विनीत तोमर ने बताया एक अक्टूबर से आदि कैलाश यात्रा शुरू होगी। सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। पहली बार कुमाऊँ मंडल विकास निगम पायलट प्रोजेक्ट के रूप में यात्रा संचालित करने जा रहा है। जिसमें यात्रियों को स्वयं पिथौरागढ़ आना होगा। इसके बाद यात्रियों को हवाई मार्ग से गुंजी तक ले जाया जाएगा



यहां यात्रियों के तीन रात रुकने का प्रबंध किया गया है। इस दौरान यात्री ओल्ड लिपुलेख से आदि कैलाश, नाभि ढंग से ओम पर्वत और लिपुलेख से माउंट कैलाश के दर्शन कर सकेंगे। पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू इस यात्रा में कल 60 यात्रियों को शामिल किया जाएगा। यात्रा का खर्च 80 हजार रुपए होगा। यात्रा शुरू होने से पूर्व यात्रियों का पहला स्वास्थ्य परीक्षण पिथौरागढ़ और दूसरा ओल्ड लिपुलेख में स्वास्थ्य परीक्षण होगा इसके बाद यात्रियों को आदि कैलाश जाने वाले भक्तों को परमिट मिल पाएगा।

आदि कैलाश यात्रा 80 हजार में पूरी होगी। जिसमे भक्तों को हेलीकॉप्टर-जीप का किराया, रुकना, खाना समेत सभी सुविधाएं शामिल हैं। गुंजी गांव के सभी होम स्टे बुक कर लिए हैं।

15 सितंबर से शुरू होनी थी लेकिन पिछले दो हफ्ते में हुई बारिश ने बूंदी गांव के आगे कई सड़कें बुरी तरह खराब हो गई थी वहीं सड़कों की स्थिति दुरुस्त होने के बाद अब यात्रा को सड़क मार्ग से भी शुरू कर दिया गया है और मंगलवार को कई भक्त आदि कैलाश के दर्शनों के लिए गए। पहले दिन यात्री हेलीकॉप्टर से पिथौरागढ़ से गुंजी गांव पहुंचेंगे जहा रात बिताएंगे। अगले दिन कार से आदि कैलाश के दर्शन के लिए जॉलिंगकॉन्ग पहुँचेंगे शाम को गुंजी लौटकर रात बिताएंगे। - तीसरे दिन आदि कैलाश व्यू पॉइंट जाएंगे और वापस पिथौरागढ़ लौटेंगे।

## मांगों के लिए चिकित्सकों ने किया प्रदर्शन

**अल्मोड़ा।** प्रांतीय चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा संघ के आह्वान पर जिला अस्पताल में तैनात चिकित्सकों ने चौथे दिन भी बांह में काली पट्टी बांध कर प्रदर्शन किया।

मंगलवार को अस्पताल में चिकित्सकों ने नौ सूत्री मांगों के लिए सांकेतिक प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने डीपीसी, पर्वतीय क्षेत्रों में तैनात सभी विशेषज्ञ चिकित्सकों को चिकित्सा शिक्षा की भांति 50 प्रतिशत अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि दिए जाने, टिहरी और मसूरी को पूर्व की भांति सुगम से दुर्गम में वर्गीकृत करने आदि की मांग की। विरोध प्रदर्शन में डॉ. मनीष पंत, डॉ. जीवन मपवाल, डॉ. अरविंद पांगती, डॉ. प्रेरणा, डॉ. हरीश आर्या, डॉ. धीरज राज, डॉ. अमित सुकोटी आदि शामिल रहे।

# जसपुर में पुलिस व बदमाशों के बीच मुठभेड़ एक बदमाश घायल, पुलिस कर्मी भी घायल

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

ऊधमसिंहनगर जनपद के थाना जसपुर क्षेत्र में पुलिस और लूट के आरोपी बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में एक बदमाश घायल हो गया। उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर एसएसपी मणिकांत मिश्रा मौके पर पहुंचे।

देर रात कोतवाली जसपुर क्षेत्र में पुलिस लूट के आरोपियों की धरपकड़ को चैकिंग कर रही। इसी बीच चैकिंग के दौरान पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में दिलशाद नाम के अपराधी के गोली लग गई। उसे हायर सेंटर को रेफर किया है। मुठभेड़ में एक पुलिस कर्मी के भी घायल होने की सूचना है। मौके पर एसएसपी समेत कई पुलिस अधिकारी पहुंचे।



एसएसपी ने घायल बदमाश से पूछताछ भी की। पुलिस के मुताबिक 14/09/2024 कोतवाली जसपुर क्षेत्र में बदमाशों ने एक लूट की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस और एसओजी बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही। एसएसपी के मुताबिक पुलिस बदमाशों की तलाश में दबिश दे रही है।

**मुठभेड़**

- घायल बदमाश हायर सेंटर रेफर,लूट का आरोपी
- एसएसपी अपराधियों की अपराधियों को सख्त चेतावनी य जिला छोड़ कर भाग जाओ या पुलिस की गोली खाने को तैयार रहो

# पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम

नैनीताल

हमारे संवाददाता

पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का विषय साइबर अपराध और नशा मुक्ति था, जिसे विद्यालय वंदना सभागार में एनएस एस इकाई द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ज्योलीकोट चौकी प्रभारी, उपनिरीक्षक अविनाश मौर्य रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के शैक्षिक प्रभारी उमेश शर्मा ने की। इस मौके एन एस एस प्रभारी कुमार सिंह ने इस अवसर पर कहा, आज के कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में बढ़ती नशाखोरी और साइबर अपराध के प्रति जागरूकता फैलाना है। जागरूकता ही इन चुनौतियों से निपटने का सबसे कारगर उपाय है। इस अवसर पर विद्यालय की एन एस एस के सभी सदस्य, छात्र और अध्यापकगण उपस्थित थे।




# दो अक्टूबर तक चलाया जाएगा वृहद स्तर पर सफाई अभियान

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिले में स्वच्छता सेवा पखवाडे के तहत जिले भर में सफ ाई को मद्देनजर रखते हुए अभियान चलाया जा रहा है जिसमें जिले के विभिन्न पर्यटन स्थलों में 14 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक वृहद स्तर पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। जिसमे डेंगू सहित अन्य बीमारियों से बचने के लिए उचित कदम उठाए जाएंगे।

मामले में जिला पंचायत नैनीताल के अपर मुख्य अधिकारी कमलेश सिंह बिष्ट ने बताया कि स्वच्छता सेवा पखवादा 14 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है जिसमें जिला पंचायत की कूड़ा उठाने वाली गाडियां ग्रामीण क्षेत्रो में अलग अलग मार्गो पर चल रही हैं,जिला पंचायत द्वारा ग्रामीण मार्गो,विभिन्न पर्यटन स्थल,नदियों तथा पहाडी क्षेत्रो को चिन्हित कर वृहद स्तर पर 27 से 2 अक्टूबर तक सफ ाई अभियान चलाया जाएगा जिसमें जनभागिता अधिक रहेगी,जिसमे 7 वाहन कूड़ा उठाने में लगे हुए हैं। बताया कि जिलाधिकारी द्वारा मुक्तेश्वर क्षेत्र में एक डम्पर प्लेसेर दिया गया है जिसमें एक पिकअप उसी क्षेत्र में लगा दिया गया है। बताया कि जिले में विभिन्न ब्लॉक में डेंगू प्रभवित क्षेत्र है जहां पर डेंगू मच्छर लार्वीसाइड का भी छिडकाव किया जा रहा है और



लगातार 8 ब्लॉकों में 8 गाडियां चल रही हैं और प्रत्येक गाडियों में 4 स्प्रे करने के लिए कर्मचारी तैनात हैं जिसका टैक्स कलेक्टर द्वारा समय समय पर निरीक्षण किया जाता है। प्रत्येक ब्लॉकों के हिसाब से 3 राजस्व निरीक्षक मौजूद है जो इन पर नियंत्रण रखते है साथ ही कर अधिकारी विजय कुमार बिष्ट नोडल अधिकारी के रुप में तैनात किए गए है जो डेंगू प्रभावित क्षेत्र पर निगरानी रखे हुए हैं। डेंगू की जानकारी होते ही क्षेत्र में लार्वीसाइड द्वारा छिडकाव किया जा रहा है। बताया कि अब तक हल्द्वानी/कोटाबाग/रामनगर/ भीमताल/ धारी/ ओखलकांडा/रामगढ़ क्षेत्र अधिक प्रभावित हैं जिनको गंभीरता से लिया जा जा रहा है। इस दौरान राजस्व निरीक्षक दीपक उपाध्याय, मोहन सिंह बिष्ट, चंद्रपाल बिष्ट समेत टैक्स कलेक्ट्रेट नवीन सिंह,नितिन बिष्ट,दीवान बिष्ट,गोपाल सिंह टांगणिया, इतिश कुमार, लक्ष्मण सिंह लमगडिया, कृष्ण कुमार तथा पंकज जोशी रहे।

## डीएम ने जिले में बन रही पार्किंग स्थलों का निरीक्षण किया

**अल्मोड़ा।** जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण से संबंधित पार्किंग योजनाओं की सोमवार को डीएम आलोक कुमार पांडे ने कलक्ट्रेट में समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने अधिकारियों से पार्किंग स्थलों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की और बाद में कई पार्किंग स्थलों का स्थलीय निरीक्षण भी किया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए सभी योजनाओं के कार्यों को गंभीरता से निर्धारित समय में पूरा करने की बात कही।

# एसएसबी जवानों के की समन्वय स्थापित को लेकर गोष्ठी आयोजित

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने टीम नारायणपुर ,काला पुल, झनकईयां एसएसबी बॉर्डर पर जाकर जवानों के साथ समन्वय स्थापित करके जागरूकता गोष्ठी आयोजित की। इस दौरान मानव तस्करी , बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति के संबंध में जानकारी देते हुए बॉर्डर चेकिंग में नेपाल से आने वाले यात्रियों की सघन चेकिंग का अभियान चलाया गया । चेकिंग के दौरान सभी यात्रियों के आधार कार्ड, आईडी चेक किये गये। संदिग्ध लोगों से पूछताछ की गई । इस दौरान सशस्त्र सीमा सुरक्षा बल के टीम प्रभारी के साथ मिलकर किस तरह से हम मानव तस्करी को रोक सकते है, पर चर्चा की गयी। एच टीयू प्रभारी जीतो कंबोज ने कहा कि बॉर्डर चेकिंग के दौरान कोई संदिग्ध व्यक्ति या कोई नाबालिक बच्चा लड़की या लड़का कोई भी घूमता हुआ दिखाई दे तो एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग रुद्रपुर को सूचना दें। जीतो कंबोज ने खटीमा रेलवे स्टेशन व किच्छा रेलवे स्टेशन में मानव तस्करी के संबंध में आने जाने वाले यात्रियों से पूछताछ कर संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की । कहा कि यात्र के दौरान हम सभी को सावधानियां पूर्वक यात्रा करनी चाहिए किसी भी अपरिचित व्यक्ति से खाद्य सामग्री का सेवन न करें । सावधानी बरतें ताकि हम अपनी यात्र को सुगमता से कर सके साथ ही यूनिट द्वारा खटीमा क्षेत्र में पड़ने वाले होटल ,ढाबा, रेस्टोरेंट, व मेला घाट रोड पर बस स्टेशन पर यात्र करने वाले संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की साथ ही होटल में काम कर रहे कर्मचारियों के पुलिस सत्यापन की कार्रवाई की गई टीम में राकेश खेतवाल,महिला कांस्टेबल ममता मेहरा, हेड कांस्टेबल हरजिंदर सिंह आदि भी शामिल थे।

# बैठक: सुषमा शाह स्मृति फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के बारे में मंथन किया

नैनीताल

हमारे संवाददाता

लेक सिटी वेलफेयर क्लब की मंगलवार को क्लब की अध्यक्ष ज्योति ढौडियाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में 29 सितंबर (रविवार) को होने वाली स्वर्गीय सुषमा शाह स्मृति फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के बारे में विस्तार से गहन मंथन किया गया। बैठक में तय किया गया कि प्रतियोगिता का आयोजन भव्य रूप से गोवर्धन हाल में किया जाएगा। प्रतियोगिता की कामयाबी के लिए प्रेमा अधिकारी को मुख्य संयोजक जबकि रानी शाह, दीपिका बनवाल और कविता गंगोला को सह संयोजक बनाया गया। क्लब की सचिव दीपा पांडे ने बताया कि प्रतियोगिता सब जूनियर वर्ग 5 वर्ष तक/ जूनियर वर्ग 6




से 15 वर्ष तक तथा सीनियर वर्ग 15 से 19 रखा गया है। प्रतियोगिता की मुख्य संयोजक प्रेमा अधिकारी ने बताया प्रतियोगिता हेतु अभी तक शहर के 22 स्कूलों से प्रविष्टियां प्राप्त हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट होंगे। अधिकारी के मुताबिक प्रतियोगिता में विजेताओं के लिए कई आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं। प्रतियोगिता की तैयारी बैठक में गीता शाह, विनिता पांडे, मीनाक्षी कीर्ति, डा.प्रगति जैन, अमिता शाह, रमा भट्ट, हेमा भट्ट, रमा तिवारी, कविता त्रिपाठी, मीनू बुधलाकोटी, कंचन जोशी, रेखा पंत, रेखा जोशी, डॉ. पल्लवी, सरिता त्रिपाठी, ज्योति वर्मा, सरस्वती शिराला, लीला राज, अमिता शेरवानी, संगीता श्रीवास्तव, प्राची आर्या, प्रभा पुंडीर, तुसी शाह तथा तनु सिंह आदि मौजूद रहे।